BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 06 फरवरी, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सिकन्द्राबाद**

शातिर बदमाश के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 05/06.02.2025 की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम गुलावठी अण्डपास पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुके तथा बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से मोड़कर ग्राम काँवरा की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिनको गिरफ्तार किया गया व दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसकी कांबिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान अनस पुत्र रहीश निवासी मौ0 भाटियावाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। जिसको उपचार हेतु सीएचसी सिकन्द्राबाद में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद हुए है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं। अभियुक्त अनस थाना सिकन्द्राबाद पर पंजीकृत मुअसं 50/2025 धारा 191(2)/191(2)/190/109/125/352/115(2)/3(5) बीएनएस व 7 क्रि0ला0 अमेन्डमेन्ट एक्ट में वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. अनस पुत्र रहीश निवासी मौ0 भाटियावाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं 118/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद।

2- उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार सोलंकी, उ0नि0 शिवम कुमार, उ0नि0 विपुल कुमार व उ0नि0 अमित पटेरिया।

3- है0का0 भूपेन्द्र कण्डू, है0का0 कुलदीप अहलावत, का0 प्रदीप कुमार व का0 राहुल कुमार।

मीडिया सेल बुलंदशहर